# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज
# बाँदा (उ०प्र०)

(पूर्ववर्ती डॉ० भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ इन्फारमेशन एण्ड टेक्नोलॉजी, बाँदा)

# प्रशासकीय परिषद की ग्यारहवीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | ग्यारहवीं |
| दिनाँक | : | 29.12.2020 |
| दिन | : | मंगलवार |
| समय | : | 01:30 PM |
| माध्यम | : | ऑनलाइन (जूम)<br>मीटिंग आई०डी०–93439977371<br>पासवर्ड–594421 |

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा की प्रशासकीय परिषद की ग्यारहवीं बैठक माननीय अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार परोलिया की अध्यक्षता में दिनाँक 29.12.2020 को सम्पन्न हुई। बैठक का उपस्थिति विवरण निम्न है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री कृष्ण कुमार परोलिया<br>505, मम्फोर्डगंज, प्रयागराज | अध्यक्ष |
| 2. | श्री कृपा शंकर सिंह<br>संयुक्त सचिव<br>(अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन द्वारा नामित प्रतिनिधि) | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री शैलेश आनन्द,<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, चित्रकूट मण्डल, चित्रकूट<br>(अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उ०प्र० शासन द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 4. | प्रो० विनय कुमार पाठक<br>माननीय कुलपति, डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ | सदस्य |
| 5. | श्री मनोज कुमार<br>निदेशक,<br>प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर | सदस्य |
| 6. | प्रो० जे० पी० सैनी<br>माननीय कुलपति, एन०एस०यू०टी० नई दिल्ली | सदस्य |
| 7. | प्रो० रचना अस्थाना<br>निदेशक,<br>डॉ० अम्बेड़कर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर हैंडीकैप्ड कानपुर | सदस्य |
| 8. | डॉ० एम० के० मोंदल<br>प्रोफेसर, केमिकल इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी विभाग,<br>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी०एच०यू०) वाराणसी<br>(निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी०एच०यू०) वाराणसी द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 9. | प्रो० पी०एम० पाण्डेय<br>प्रोफेसर, मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग<br>आई०आई०टी० दिल्ली, नई दिल्ली | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | प्रो० डी० परमार<br>प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग,<br>एच०बी०टी०यू० कानपुर | सदस्य |
| 11. | श्री द्वारकाधीश बाधवा<br>मे० साकेत ट्यूब्स (आर०सी०सी० ह्यूम पाइप इकाई), लखनऊ | सदस्य |
| 12. | प्रो० विनीत कंसल<br>प्रति कुलपति, डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ | सदस्य |
| 13. | प्रो० गोविन्द पाण्डे<br>प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग,<br>एम०एम०एम०यू०टी० गोरखपुर | सदस्य |
| 14. | प्रो० के०ए० मिश्रा<br>प्रोफेसर (रिटायर्ड), इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग,<br>एच०बी०टी०यू० कानपुर | सदस्य |
| 15. | डॉ० अनिल कुमार<br>एस०पी०ए०, स्टेट प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट (TEQIP-III) उत्तर प्रदेश | विशेष आमंत्री |
| 16. | प्रो० शिव प्रसाद शुक्ल<br>निदेशक<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा | सदस्य सचिव |

| मद सं० | मद का विवरण |
|---|---|
| 11:01 | <u>संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 30.09.2020 को सम्पन्न हुई दसवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण</u><br>प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 30.09.2020 को सम्पन्न हुई दसवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। |
| 11:02 | <u>प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 30.09.2020 को सम्पन्न हुई दसवीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण</u><br>प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 30.09.2020 को सम्पन्न हुई दसवीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर अब तक कृत कार्यवाही से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 11:03 | <u>संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 19.12.2020 को सम्पन्न हुई विशेष बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण</u><br>प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 19.12.2020 को सम्पन्न हुई विशेष बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। |
| 11:04 | <u>प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 19.12.2020 को सम्पन्न हुई विशेष बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण</u><br>प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 19.12.2020 को सम्पन्न हुई विशेष बैठक में लिए गए निर्णयों पर अब तक कृत कार्यवाही से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 11:05 | <u>विश्व बैंक पोषित टेक्विप–III के अन्तर्गत तिमाही कार्य योजना, पी०एम०एस०एस० पोर्टल पर अपलोड किए गए प्रोक्योरमेंट प्लान, किए गए क्रय/व्यय/माइनर सिविल वर्क्स/शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य गतिविधियों की सूचना एवं अनुमोदन</u><br>विश्व बैंक पोषित टेक्विप–III के अंतर्गत तिमाही कार्य योजना, पी०एम०एस०एस० पोर्टल पर अपलोड किए गए प्रोक्योरमेंट प्लान, किए गए क्रय/व्यय/माइनर सिविल वर्क्स/शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य गतिविधियों की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |

| | |
|---|---|
| 11:06 | **डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा वित्त पोषित दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को भेजे गए प्रस्ताव, किए गए क्रय/व्यय, सेवायें लिए जाने, निर्माण कार्य इत्यादि की सूचना तथा अनुमोदन**<br>डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा वित्त पोषित दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को भेजे गये प्रस्ताव, किए गए क्रय/व्यय, सेवायें लिए जाने एवं निर्माण कार्य इत्यादि की प्रगति आख्या तथा दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के द्वितीय चरण हेतु संस्थान से प्रस्ताव विश्वविद्यालय को प्रेषित किए जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 11:07 | **संस्थान के निदेशक का कार्यकाल विस्तारित किए जाने की सूचना तथा अनुमोदन**<br>शासन के पत्र संख्या–1820/सोलह–1–2020 दिनाँकित 14 दिसम्बर, 2020 के अनुपालन में माननीय अध्यक्ष महोदय, प्रशासकीय परिषद, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा द्वारा संस्थान के निदेशक का कार्यकाल संस्थान के अगले निदेशक के चयन होने तक या दिनाँक 20 अप्रैल 2021 तक विस्तारित किए जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 11:08 | **संस्थान परिसर में पिछली प्रशासकीय परिषद के बाद से अद्यतन हुये विकास कार्यों एवं अन्य शैक्षणिक क्रिया–कलापों की सूचना**<br>संस्थान में पिछली प्रशासकीय परिषद के बाद से अद्यतन हुए विकास कार्यों एवं अन्य शैक्षणिक क्रिया–कलापों की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 11:09 | **संस्थान की केन्द्रीय क्रय समिति की ग्यारहवीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन**<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा की केन्द्रीय क्रय समिति की ग्यारहवीं बैठक दिनाँक 14.12.2020 को सम्पन्न हुई। केन्द्रीय क्रय समिति की ग्यारहवीं बैठक के कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 11:10 | **संस्थान की भवन एवं कार्य समिति की चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन**<br>संस्थान की भवन एवं कार्य समिति की दिनाँक 23.12.2020 को सम्पन्न चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |

| | |
|---|---|
| 11:11 | <u>संस्थान के समस्त नियमित शिक्षकों की ए०सी०आर० रिपोर्ट की सूचना एवं अनुमोदन</u><br>प्रशासकीय परिषद के माननीय सदस्यों के सुझाव के अनुसार उक्त बिन्दु को वापस लिया गया। |
| 11:12 | <u>संस्थान में जेम पोर्टल के माध्यम से किए जाने वाले क्रय एवं ली जाने वाली सेवाओं हेतु जेम पूल एकाउन्ट (जी०पी०ए०) खोले जाने हेतु अनुमोदन</u><br>शासन के पत्र संख्या 31/2020/273/18–2–2020–97(ल0उ0)/2016टी.सी. दिनांकित 25.08.2020 में वर्णित व्यवस्था के अनुपालन में संस्थान में जेम पोर्टल के माध्यम से किए जाने वाले क्रय एवं ली जाने वाली सेवाओं हेतु जेम पूल एकाउन्ट (जी०पी०ए०) खोले जाने हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 11:13 | <u>संस्थान में स्थापित इन्क्यूबेशन सेन्टर को स्टार्टअप नीति–2020 के अन्तर्गत स्वीकृति मिलने की सूचना</u><br>संस्थान में स्थापित इन्क्यूबेशन सेन्टर को स्टार्टअप नीति–2020 के अन्तर्गत स्वीकृति मिलने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 11:14 | <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद</u><br>1. <u>संस्थान में निदेशक के पद पर चयन प्रक्रिया के सम्बन्ध में।</u><br>प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान में निदेशक पद के लिए चयन समिति की संरचना अभातशिप की अधिसूचना सं० 82 दिनाँकित 01 मार्च 2019 में अनुबंध–II के बिंदु IV में वर्णित व्यवस्था के अनुसार करने हेतु निर्देशित किया गया। माननीय अध्यक्ष महोदय, प्रशासकीय परिषद द्वारा परिषद को यह अवगत कराया गया कि संस्थान के वर्तमान अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद का कार्यकाल 08 जनवरी 2021 को समाप्त हो रहा है तथा किसी अंतरिम व्यवस्था के अभाव में निदेशक पद हेतु आवेदकों की स्क्रीनिंग तथा नियुक्ति की प्रक्रिया वर्तमान निदेशक के बढ़े हुए कार्यकाल से भी अधिक समय ले सकती है। इस विषय पर संयुक्त सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग उ०प्र० शासन द्वारा यह अवगत कराया गया कि माननीय अध्यक्ष महोदय, प्रशासकीय परिषद के कार्यकाल के सम्बन्ध में अंतरिम प्रक्रिया शासन स्तर पर चल रही है तथा शीघ्र ही यह प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी, जिससे कि संस्थान ससमय नये निदेशक की नियुक्ति के साथ निर्बाध रूप से चलता रहे। |

| | |
|---|---|
| | 2. **निदेशक चयन हेतु प्रकाशित विज्ञापन के सापेक्ष आने वाले आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग किए जाने के सम्बन्ध में।**<br>संस्थान में निदेशक चयन हेतु प्रकाशित विज्ञापन के सापेक्ष आने वाले आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग किए जाने के लिए समिति गठित करने हेतु निर्देशित किया गया। |

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

(प्रो० शिव प्रसाद शुक्ल)
सदस्य–सचिव, प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा

(श्री कृष्ण कुमार परोलिया)
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा